पत्र संख्या.....387/

**कार्यालय :– वन प्रमंडल पदाधिकारी, मेदिनीनगर वन प्रमंडल, मेदिनीनगर ।**

प्रेषक ,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
मेदिनीनगर वन प्रमण्डल ।

सेवा में,

प्राचार्य,
राजकीय पोलेटेकनिक संस्थान,
लातेहार।

मेदिनीनगर, दिनांक 09/2/16

विषयः– पलामू जिला में अभियंत्रण महाविद्यालय एवं पोलटेकनिक संस्थान की स्थापना हेतु क्षतिपूरक वनरोपण हेतु गैर वन भूमि उपलब्ध कराने के संबंध में ।

प्रसंगः– इस कार्यालय का पत्रांक 35 दिनांक 06.01.2016

महाशय,

उपर्युक्त प्रसंगाधीन विषय के संबंध में कहना है कि दिनांक 05.01.2016 को प्रधान सचिव, वन,पर्यावरण एव जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार की अध्यक्षता में आहूत बैठक में निर्णय लिया गया था कि दिनांक 31.01.2016 तक अभियंत्रण महाविद्यालय निर्माण के क्रम में पड़ने वाले जंगल झाड़ भूमि के एवज में क्षतिपूरक वनरोपण हेतु दिनांक 31.01.2016 तक गैर वन भूमि चिन्हित कर लिया जाय, किन्तु निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद अब तक इस संबंध में कृत कार्रवाई की सूचना अप्राप्त है, जिसके कारण आपके द्वारा समर्पित प्रस्ताव पर विचार लम्बित है। इस संबंध में यह भी उल्लेख करना है कि आपके द्वारा समर्पित प्रस्ताव नाभकीय पदाधिकारी के समक्ष ड्राफ्ट मोड में लंबित है, जिसका निराकरण आपके स्तर से किया जाना है। इस संबंध में आपसे दूरभाष पर वार्ता भी हुई थी कि इसका निराकरण कर लिया जाय, किन्तु इस संबंध में भी सूचना अप्राप्त है।

अतः अनुरोध है कि पलामू जिलान्तर्गत अभियंत्रण महाविद्यालय के निर्माण हेतु अपेक्षित क्षतिपूरक वनरोपण हेतु गैर वन भूमि शीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाय ताकि ससमय अगग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित किया जा सके ।

कृपया इसे अति आवश्यक समझा जाय।

55
16-02-2016

विश्वासभाजन,

09-2-2016

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
मेदिनीनगर वन प्रमंडल ।
09/02/16

New DFo/418